एक नजर में

## विधायक निधि से बनने वाले टीन शेड निर्माण का भूमिपूजन




**माकड़ोन।** नगर की मालवीय धर्मशाला में विधायक निधि से स्वीकृत 10 लाख की लागत से बनने वाले टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन किया गया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय शर्मा, कमल जाल, विनोद सिसौदिया, सिराज अहमद पठान, मुकेश जाल, संदीप देवड़ा, मनीष शर्मा, गौरव सोलंकी, राकेश जाल, जयराम साहेब, नारायण जाल, सतीश जाल आदि की उपस्थिति में भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। इस दौरान समाजजनों ने उक्त सौगात के लिए विधायक महेश परमार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## लक्की राठौर का नवोदय में चयन

**माकड़ोन।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माकड़ोन विद्यालय परिवार के लिए यह गर्व और गौरव का विषय है कि हमारे विद्यालय से लक्की राठौर पिता पवन राठौड़ का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। इसके लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर माकड़ोन प्राचार्य अरुण कुमार शर्मा, समिति अध्यक्ष मंगल सिंह बढ़िया, श्याम कारपेंटर, जय प्रकाश सरिया ने उज्ज्वल की शुभकामनाएं दी।

## घरों में घुस रहा पानी, लोगों का जीना दूभर



**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 4 अतिरिक्त विश्व बैंक हाउसिंग बोर्ड एससी एसटी कालोनी चिंतामण नगर के पीछे के रहवासियों के घरों में पानी घुसने लगा है। बारिश के दिनों में खाना, पीना, रहना सब दूभर हो गया है। रहवासियों ने बताया की यह कालोनी पूर्णतः वेलिड है, घरों के नक्शे, नामांतरण, एनओसी सब कंप्लीट है। रहवासी दो जगह टैक्स भरते हैं, पहला हाउसिंग बोर्ड और दूसरा नगर निगम में। रहवासियों का कहना है की इतने साल से हम टैक्स भर रहे है ना तो हमारी कालोनी में अभी तक नाली बनी, ना ही कचरे की गाड़ी यहां आती है। हद तो यह है कि हाउसिंग बोर्ड अधिकारियों ने इस कालोनी के नाम पर नाला बनाने का पैसा मंजूर करवा लिया और काम एक साल से अधूरा पड़ा है। और तो और इस कालोनी में क्षेत्र की अन्य कालोनियों का पानी भी निगम द्वारा इस कालोनी में मिला दिया गया है। जब रहवासियों ने इसकी शिकायत पार्षद से की तो उनका कहना है की ये काम हमारा नहीं है। हाउसिंग बोर्ड जाओ, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी बोलते है नगर निगम जाओ, पार्षद को शिकायत करो। रहवासियों का कहना है कि हमने यहां के भाजपा पार्षद बबीता घनश्याम गोड़ को वोट इसलिए नहीं दिए की हमे इतना परेशान होना पड़े। रहवासियों ने चेतावनी दी कि हमारी समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो पार्षद के घर के बाहर भूख हड़ताल पर बैठेंगे और चक्काजाम करेंगे, जिसकी पूरी जवाबदारी पार्षद की रहेगी।

## माधव कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग ने गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा की संकल्पना को साकार करने के लिए प्रत्येक जिले में एक प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस की स्थापना की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अनुशंसा पर माधव कॉलेज को कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रूप में चयनित किया गया है। माधव कॉलेज एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण संस्था है। यहां से ऐसे विद्यार्थी निकले हैं जिन्होंने देश भर में इस संस्था को गौरवान्वित किया है। हम आप सभी विधार्थियों का इस कॉलेज में प्रवेश करने पर स्वागत करते हैं। हम आप के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए कार्य करने जा रहे हैं। हम माधव कॉलेज में परंपरागत पाठ्यक्रमों के साथ ही कई अन्य कोर्सेज भी शुरू कर रहे हैं। शासन की ओर से बहुत सी योजनाएं आप के लिए बनाई गई हैं। उन सभी का आप को लाभ लेना चाहिए। विद्यार्थियों को भविष्य की चिंता करते हुए सोच समझ कर विषय का चयन करना चाहिए।

यह उद्‌गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने व्यक्त किए। डॉ अंशु भारद्वाज ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य समावेशी विकास है। आप अपनी रुचि के अनुसार विषय को चुन सकते है। डॉ. एलएस गोरसिया ने व्यापक सतत मूल्यांकन, प्रोजेक्ट तथा इंटर्नशिप की जानकारी दी। प्रो. चंद्रकांता तेजवानी ने स्नातक स्तर पर क्रेडिट संरचना और सभी विषयों के बारे में जानकारी दी। साथ ही पाठ्यक्रम के बारे में भी बताया। डॉ. मुदुल चन्द्र शुक्ल ने नवीन शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी। डॉ. नलिनी तिलकर ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जफर मेहमूद ने किया। दीक्षारंभ कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अल्पना उपाध्याय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्राध्यापक मौजूद रहे।

## लायंस क्लब उज्जैन विंग का संस्थापन समारोह



**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन विंग का संस्थापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शपथ अधिकारी के रूप में वीडीजी, एमजेएफ लायन भगवानदास एरन ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. मार्केटिंग लायन दीपक राजवानी ने बताया कि नवीन सत्र हेतु लायन पिंकी नीमा अध्यक्ष, लायन प्रीति शर्मा सचिव एवं लायन अनीता गुप्ता को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। साथ ही बाकी पदाधिकारी को भी शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि पीडीजी लायन भगवान दास एरन, कैबिनेट सचिव लायन सुशील पोरवाल, रीजन चेयरपर्सन लायन सत्येंद्र श्रीवास्तव, जोन चेयर पर्सन ला. मनीषा अग्रवाल, पीडीजी ला. अजय गुप्ता, डीजी ला अजय दसोरिया, पीआरओ दीपक राजवानी और एसीओ लायन राकेश शर्मा, गोल्ड के चार्टर्ड अध्यक्ष लायन संजय सक्सेना, एकेएस जे पी पचोरिया, एमजेएफ लायन छाया लोखंडे साथ ही क्लब के सभी सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर संचालन ला रेखा गुप्ता, और ला निशा त्रिपाठी ने किया। आभार ला प्रीति शर्मा ने माना। शपथ अधिकारी लायन भगवान दास एरन ने सभी को सेवा कार्य की शपथ दिलाई एवं सभी पदाधिकारियों से वर्ष में एक-एक सेवा गति करने का संकल्प भी दिलवाया। अध्यक्ष लायन पिंकी नीमा को सभी पदाधिकारी का साथ लेकर चलने एवं सभी पदाधिकारी को उनका सहयोग करने के लिए सभी को निर्देश दिए। सेवा गति के रूप में प्रथम सेवा गति क्लब द्वारा पौधारोपण की गतिविधि भी की जिसमें क्लब के सभी सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे। अंत में अध्यक्ष लायन पिंकी नीमा ने सभा समाप्ति की घोषणा की।

# उज्जैन की बेटी प्रियांशी प्रजापति ने जीता एशिया में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक



**उज्जैन।** उज्जैन की बालिका प्रियांशी मुकेश प्रजापति ने एशिया में अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर मध्य प्रदेश में उज्जैन का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि की जानकारी मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई और मध्य प्रदेश कुश्ती महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण यादव को मिली, तो उन्होंने प्रियांशी मुकेश प्रजापति को बधाई दी। इसके बाद मध्य प्रदेश कुश्ती संघ और उज्जैन जिला कुश्ती संघ द्वारा तिलकेश्वर गौशाला में एक सार्वजनिक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्व धर्म के लोगों ने भाग लिया और प्रियांशी मुकेश प्रजापति का भव्य स्वागत अभिनंदन किया।

### तिलकेश्व महादेव जी का जलाभिषेक

प्रियांशी मुकेश प्रजापति ने तिलकेश्वर महादेव जी का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की और गायों को चारा खिलाया। इसके बाद मध्य प्रदेश कुश्ती महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदरणीय नारायण यादव दादा और उनके समर्थकों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण यादव, अशोक जैन, मुन्ना सरकार, वरिष्ठ समाज सेवक राजाराम यादव, जमुना यादव, नीलेश यादव, हेमंत पांचाल, अशोक कोठारी, पत्रकार जगदीश परमार, उदित बड़जात्या, प्रदीप जैन, प्रदीप पीपाड़ा, सुरेंद्र यादव, दीपक यादव, गजेंद्र सकलेचा, सावन बजाज, उमेश सिंह ठाकुर, शेखर यादव, जितेंद्र अग्रवाल, कैलाश यादव, प्रमित मोदी, संजय जायसवाल, दीपक जायसवाल राहुल लुहाड़िया सहित सर्व समाज के वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थे।

मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण यादव ने प्रियांशी प्रजापत के खेल अभिनंदन अवसर पर कहा कि कुश्ती में दो पेज वजीर होते हैं और ताकत बादशाह होती है। उज्जैन की बिटिया प्रियांशी प्रजापत ने जिस प्रकार से कुश्ती कला में एशियाई खेलों में जो देश के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है, वह हम सबके लिए गौरव की उपलब्धि है। अध्यक्षता उज्जैन जिला कुश्ती संगठन के अध्यक्ष शिव उमेश पहलवान ने की और संचालन बॉडीबिल्डिंग संगठन के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया। इस अवसर पर प्रियांशी प्रजापत को मध्य प्रदेश कुश्ती संगठन की ओर से 21000 नगद राशि सम्मान स्वरूप भेंट किया गया। यादव समाज की ओर से 11000 और तिलकेश्वर गोशाला महादेव की ओर से 5100 भेंट किया गया। प्रियांशी मुकेश प्रजापति को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और उम्मीद की गई कि वह आगे भी मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

## नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की नियुक्ति पर आतिशबाजी



**नागदा। मध्य प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बनाए गए हैं। उनकी नियुक्ति के बाद नगर मंडल नागदा में जोरदार जश्न मनाया गया। इस दौरान रैली निकाली गई, आतिशबाजी की गई और मिठाइयां बांटी गईं।**

कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, गोपाल यादव, धर्मेश जायसवाल ने कन्या शाला चौराहे पर उपस्थित पार्टी के सदस्यों को संबोधित कर पार्टी के उच्च नेतृत्व का आभार माना।

दौलत राम प्रजापत ने कन्याशाला चौराहे पर समापन पर सभा में परिवर्तित रैली में प्रदेश अध्यक्ष नियुक्ति की भूमिका रखी। मंडल मंत्री सूरज मकवाना ने सभी का आभार व्यक्त किया। रैली में नगर महिला मंडल उपाध्यक्ष रितु पांडे, पुष्पा रघुवंशी, भावना रावल, आशा जैन आदि व पार्टी पदाधिकारी के पाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे। हेमंत खंडेलवाल की नियुक्ति पर बधाइयों का तांता लग गया है। जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत कई दिग्गज नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

प्राप्त जानकारी अनुसार उनकी नियुक्ति जुलाई के पहले सप्ताह में होने की संभावना थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है।

जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी। मध्य प्रदेश के नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल हैं। उन्होंने 2 जुलाई 2024 को अपना पदभार संभाला और वे मध्य प्रदेश भाजपा के 28वें प्रदेश अध्यक्ष बने। हेमंत खंडेलवाल बैतूल से विधायक हैं और उनका जन्म 3 सितंबर 1964 को उत्तर प्रदेश के मथुरा में हुआ था।

वे एक व्यवसायी और राजनेता हैं जिन्होंने अपने पिता विजय कुमार खंडेलवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए राजनीति में प्रवेश किया। हेमंत खंडेलवाल की संगठनात्मक क्षमताएं और सत्ता एवं संगठन के बीच समन्वय बनाने की उनकी क्षमता ने उन्हें इस पद के लिए उपयुक्त उम्मीदवार बनाया। वे आरएसएस की पसंद भी माने जाते हैं।



## शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माकड़ोन में सेनेटरी पैड का वितरण

**माकड़ोन।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गेल इंडिया लिमिटेड जेलखेड़ा ने अपने सामाजिक दायित्व को निर्वहन करते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 300 अध्यनरत छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता से संबंधित हाइजीन सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। यह वितरण अविनाश महाप्रबंधक एवं प्रभारी अधिकारी गेल इंडिया लिमिटेड तथा हरेंद्र सिंह राजपूत मुख्य प्रबंधक थी। अनुपमा झा एवं अर्चना टॉप वरिष्ठ अधिकारी के सहयोग से कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता की बातों को समझाकर सेनेटरी पैड का उपयोग और शरीर में होने वाले संक्रमण से बचाव के उपाय को समझाया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य से रामेश्वर सोनगरा, मोहनलाल अंब्रोदिया, किशोर पंवार, कैलाश चंद मालवीय एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में गेल ने सामाजिक निर्वहन की प्रक्रिया में किशोर पवार ने आभार व्यक्त किया।

## व्यापारी संघ द्वारा चिकित्सक, लेखाकार व स्थापना दिवस पर भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधकों का सम्मान



**नागदा।** नागदा व्यापारी संघ की **अगवानी में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी वर्ल्ड डॉक्टर्स डे चार्टर्ड अकाउंटेंट डे एवं भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस उत्साह पूर्ण मनाया तथा कार्यालय तथा अस्पताल में जाकर सभी का सम्मान किया।**

नागदा व्यापारी संघ की अगवानी में बुधवार को संघ के सदस्यों ने डॉ. सुनील चौधरी एवं स्टाफ विभिन्न नर्सिंग होम, क्लीनिक तथा जनसेवा हॉस्पिटल पहुंचकर डॉ. जितेंद्र पाल, डॉक्टर कोस्टा एवं स्टाफ चिकित्सकों का स्वागत किया। तो भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस पर ब्रांच मैनेजर आशीष सक्सेना, पूर्व मैनेजर सनी अग्रवाल, राहुल व स्टाफ को पुष्पमाला पहनाई तथा नगर एवं व्यापारी हित में उत्कृष्ट सेवाओं का आभार मानकर सम्मान किया।

नगर के चार्टर्ड अकाउंटेंट कमलनयन जैन का विश्व लेखाकार दिवस के अवसर पर स्वागत किया। इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष पंकज नामदेव, मुख्य संरक्षक दिनेश अग्रवाल, गोपाल सलूजा, वीरेंद्र जैन बिंदु, प्रेम पोरवाल, पंकज अग्रवालप्रदीप पर किया आशीष पोरवाल, अनिल पोरवाल, प्रकाश औ, आयुष पोरवाल सहित व्यापारी सदस्य गण मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## नवागत प्रदेश अध्यक्ष का उज्जैन आगमन पर चौहान ने किया स्वागत



**खाचरौद।** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम उज्जैन आगमन पर विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, भारतीय जिला जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उज्जैन पहुंचकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यसमिति के सदस्य राधेश्याम बंबोरिया, नगर किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राहुल बंबोरिया, युवा नेता नारायण किलोरिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समीक्षा बैठक

**उज्जैन। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयती सिंह द्वारा 2 जुलाई को जिला पंचायत सभागृह में मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त विकासखण्ड स्तरीय अमलें की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।**

उक्त बैठक में जयती सिंह द्वारा आजीविका दीदी कैफे के संचालन के निर्देशानुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उज्जैन के मार्गदर्शन में आजीविका दीदी कैफे प्रारभ करवाया गया। जिसमें शासकीय योजनाओं मुद्रा योजना एवं उद्यम क्रांति योजना से ऋण उपलब्ध करवाकर स्व सहायता समूह सदस्यों को आजीविका गतिविधियों से जोड़े जाने के लिए निर्देशित किया गया।

शक्ति दीदी योजना अंतर्गत विभिन्न पेट्रोल पम्प पर जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर स्व सहायता समूह सदस्यों को रोजगार से जोडने हेतु पेट्रोल पम्प एसोशिएन से चर्चा कर प्रशिक्षण उपरांत 22 स्व सहायता समूह सदस्यों को नियोजित कराया गया है।

समस्त विकासखंडों में क्लस्टर आधारित गतिविधि तैयार कर कम से कम 100 स्व सहायता समूह सदस्यों को रोजगार एवं सतत् आजीविका से जोडनें हेतु निर्देशित किया गया है। सीईओ जिला पंचायत जयती सिंह ने एक जिला एक उत्पाद अंतर्गत बंटिक प्रिन्ट उत्पाद में अधिक से अधिक स्व सहायता समूह सदस्यों को संलग्न कर बंटिक क्लस्टर तैयार किए जाने एवं बंटिक आउटलेट बनाए जाने के लियें मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## जीतू पटवारी पर दर्ज प्रकरण के विरोध में कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया



**माकड़ोन। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज प्रकरण के विरोध में ब्लाक ओर शहर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में राज्यपाल के नाम ज्ञापन माकडोन थाने पर सौंपकर उक्त झूठे प्रकरण को समाप्त करने की मांग की।**

कांग्रेस नेताओं ने कहा की भाजपा सरकार के दबाव में राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर झूठा प्रकरण दर्ज किया गया है। भाजपा सरकार मनमानी कर रही है प्रदेश में आम नागरिक, किसान हर वर्ग परेशान है अपराध में अव्वल मध्यप्रदेश हो गया है प्रदेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है।

अपराधियों के होंसले बुलंद हैं ओर प्रदेश में व्याप्त अन्याय अत्याचार का विरोध कर आवाज़ उठाने पर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर झूठा प्रकरण थोपा जा रहा है। जिसकी कांग्रेस पार्टी घोर निन्दा करती है यदि दर्ज प्रकरण वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतर कर चरणबद्ध आंदोलन करेगी।

इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निहाल सिंह गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय शर्मा, राजेश पाटीदार, सिराज अहमद पठान, विनोद सिसौदिया, संदीप देवड़ा, मुकेश जाल, भगवान सिंह गुर्जर, गौरव सोलंकी, राहुल जैन, पप्पू पटेल बरोठिया, तूफान गेहलोत, विशाल गुर्जर, मितु बना, अर्जुन चौहान, हैदर मंसूरी , गोर्धन सिंह खेड़ा, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन संदीप देवड़ा ने किया। आभार गौरव सोलंकी ने माना। उक्त जानकारी एडवोकेट नितेश कुमार धाकड़ ने दी।

शहादत

### प्रधानमंत्री पं . जवाहरलाल नेहरू कश्मीर में ब्रिगेडियर उस्मान से मिलने गए

# ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के बलिदान को यह देश कभी भुला नहीं पाएगा



**उज्जैन। देश के महान योद्धा ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के 77वें शहीदी दिवस पर सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान के चित्र पर पुष्प वर्षा की गई एवं देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी वीरों का स्मरण किया गया।**

सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि इस अवसर पर समाजसेवी मोहम्मद इकबाल उस्मानी ने ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान का स्मरण करते हुए कहा कि जब देश आजाद हुआ तो 1948 में पाकिस्तान ने घुसपैठ कर कश्मीर के इलाकों पर अवैध कब्जा कर लिया। देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था और पाक ने अपनी नापाक हरकतों से कश्मीर के कई इलाकों पर अवैध कब्जा कर लिया था।

प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू कश्मीर में ब्रिगेडियर उस्मान से मिलने गए। कश्मीर के अनेक क्षेत्र पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर लिया उसको आपको हटाना है। आपने उस वचन को निभाते हुए कश्मीर से पाकिस्तान सेना को भागने पर मजबूर कर दिया।

आप वीरता और सर्वोच्च पराक्रम से लड़ते हुए मातृभूमि के लिए 3 जुलाई 1948 को शहीद हो गए। आपकी अंतिम यात्रा में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, रक्षा मंत्री और सेना प्रमुख शामिल हुए। आपको वीरता और शौर्य के लिए मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। देश जब आजाद हुआ तो पाकिस्तान ने आपको अपना सेना प्रमुख बनने के लिए ऑफर दिया, आपने इस ऑफर को ठुकरा दिया।

बाद में पाकिस्तान ने बोखला कर आपके सर पर 100000 का इनाम रखा था। आप साहस और शौर्य के प्रतीक थे। आपने मातृभूमि के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर वीरता और बहादुरी का सबूत दिया और पाकिस्तान को उल्टे पैर कश्मीर से भागना पड़ा। आपका यह बलिदान देश कभी भुला नहीं पाएगा।

वीर शहीद ब्रिगेडियर उस्मान और देश के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले सभी वीरों का शिक्षाविद सादिक मंसूरी, जगन्नाथ अष्टकर, सैयद उस्मान हसन, शकीर शेख, पार्षद पति अनवर नागोरी, एडवोकेट आजम खान, सामाजिक कार्यकर्ता रईस अहमद, शरीफ खान, चेतन ठक्कर, मध्यप्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन ने स्मरण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहर के ख्यातनाम गायक डॉ. तेज कुमार मालवीय ने कर चले हम फिदा जानो तन साथियों अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों गीत प्रस्तुत कर शहीद मोहम्मद उस्मान और देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उपरोक्त जानकारी संयुक्त सचिव अनुदीप गंगवार और नासिर मंसूरी ने दी।